प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–01.08.2023 (सं0–364)

बिहार पुलिस की अवैध बालू माफियाओं के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई :–

- बिहार पुलिस के द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में दिनांक–01.08.2023 को भोजपुर पुलिस को सूचना मिली कि कोईलवर थानान्तर्गत ग्राम कमालुचक दियारा क्षेत्र में सत्येन्द्र पाण्डेय, सा0–पचरूखीयॉ, थाना–कोईलवर, जिला–भोजपूर गिरोह के अपराधकर्मी अवैध बालू खनन के वर्चस्व को लेकर कोई बड़ी घटना एवं लूटपाट करने की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर भोजपुर पुलिस के द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक–सह–अनु0पु0पदा0 सदर आरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।
- गठित टीम के द्वारा कमालुचक दियारा क्षेत्र में घेराबंदी कर रेड/छापामारी की कार्रवाई की गई। रेड/छापामारी के क्रम में सत्येन्द्र पाण्डेय गिरोह के अपराधकर्मी अपने को चारों तरफ से घिरता देखकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस के द्वारा भी फायरिंग की गई।
- उक्त छापामारी में सत्येन्द्र पाण्डेय सहित इसके गिरोह के कुल–08 कुख्यात अपराधियों/बालू तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अपराधकर्मी के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोली एवं अन्य सामान बरामद किया गया।
- इस संबंध में काण्ड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) के द्वारा बताया गया कि बिहार पुलिस की अवैध बालू खनन/परिवहन एवं बालू माफियाओं के विरूद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

- बरामदगी :–

  (i) देशी कट्टा – 02
  (ii) देशी पिस्टल – 01
  (iii) रेगुलर रायफल – 05
  (iv) एस0एल0आर0 रायफल – 01
  (v) 7.65 MM का जिंदा कारतूस – 02
  (vi) एस0एल0आर0 (7.62 MM) का जिंदा कारतूस– 10
  (vii) 8 MM KF लिखा हुआ जिंदा कारतूस – 74
  (viii) 8 MM KF का खोखा – 07
  (ix) 7.62 MM का खोखा – 01
  (x) एस0एल0आर0 का मैगजीन– 03
  (xi) मोबाईल – 03
  (xii) अपाची मोटर साईकिल– 01
  (xiii) नगद – 07 लाख रूपया

- गिरफ्तारी :–
    - (i) सत्येन्द्र पाण्डेय, थाना– कोईलवर, जिला–भोजपुर
    - (ii) नीरज पाण्डेय, थाना– कोईलवर, जिला–भोजपुर
    - (iii) पदमाकर पाण्डेय उर्फ छोटे पाण्डेय, थाना– कोईलवर, जिला–भोजपुर
    - (iv) अरूण कुमार, थाना–नासरीगंज, जिला– रोहतास
    - (v) सूरजकांत पाण्डेय, थाना– कोईलवर, जिला–भोजपुर
    - (vi) संजय पाण्डेय, थाना– कोईलवर, जिला–भोजपुर
    - (vii) नितिश कुमार, थाना– आरा मुफस्सिल, जिला–भोजपुर
    - (viii) रंजीत कुमार, थाना– कोईलवर, जिला–भोजपुर

- गिरफ्तार अभियुक्त सत्येन्द्र पाण्डेय के विरूद्ध कोईलवर थानान्तर्गत 15 काण्ड दर्ज हैं तथा नीरज पाण्डेय के विरूद्ध कोईलवर थानान्तर्गत 06 काण्ड दर्ज हैं।

xxxxxxxxxx